# NCC CAMP IN JP

दैनिक भास्कर

बिहारशरीफ भास्कर 04-09-2025

## जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासन जरूरी

सिटी रिपोर्टर | बिहारशरीफ

जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में एनसीसी का संयुक्त वार्षिक शिविर शुरू हुआ। दस दिनों तक चलने वाले इस शिविर का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, जेपी ग्रुप के सचिव शैलेश कुमार एवं कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने किया। मंत्री ने कैडेट्स से स्वच्छता, अनुशासन और जलवायु संरक्षण के प्रति गंभीर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत है और उन्हें जिम्मेदारी तथा ईमानदारी के साथ राष्ट्रनिर्माण में भाग लेना चाहिए। कैंप कमांडेंट ने ओपनिंग एड्रेस में कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक-मानसिक मजबूती




कैंप में शामिल अधिकारी।

और सेवा भावना का विकास करना है। शिविर 2 से 11 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान कैडेट्स सैन्य प्रशिक्षण के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी जागरूक बनाए जाएंगे।

**500 से अधिक कैडेट्स हैं शामिल**

38 बिहार बटालियन एनसीसी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में नालंदा के दर्जन भर स्कूल-कॉलेजों के अलावा आसपास के जिलों से भी लगभग 500 बॉयज और गर्ल्स कैडेट शामिल हुए हैं। इनके साथ एनसीसी अधिकारी और प्रशिक्षक भी भाग ले रहे हैं।

शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को राष्ट्रीय स्तर के शिविरों जैसे थल सेना कैंप, बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए तैयार करना है। उन्हें ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण के साथ साइबर सिक्योरिटी, सेल्फ डिफेंस और ट्रैफिक कंट्रोल जैसे विषयों पर भी विशेष व्याख्यान दिए जाएंगे। साथ ही आसपास की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

## जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में एनसीसी का शिविर शुरू

- लगभग 500 कैडेट्स हो रहे हैं शिविर में शामिल

**बिहारशरीफ.** जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, बिहारशरीफ में मंगलवार से राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का संयुक्त वार्षिक शिविर का धूमधाम से शुभारंभ किया गया. इस दस दिवसीय शिविर का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, संस्थान के सचिव शैलेश कुमार एवं कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बहरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि युवा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत हैं. उन्होंने कैडेट्स से स्वच्छता, अनुशासन और जलवायु संरक्षण जैसे विषयों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. संस्थान के सचिव शैलेश कुमार ने कहा कि यह संस्थान



जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन में एनसीसी के संयुक्त वार्षिक शिविर में शामिल मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार व अन्य .

के लिए गौरव का क्षण है. बच्चों को अनुशासन और देशभक्ति का पाठ पढ़ाकर ही भविष्य की मजबूत नींव तैयार की जा सकती है. कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी ने अपने संबोधन में अनुशासन को जीवन में सफलता की कुंजी बताते हुए शिविर की विस्तृत रूपरेखा साझा की. उन्होंने एनसीसी के उद्देश्यों देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला. इस शिविर में नालंदा जिले सहित बिहार-झारखंड के विभिन्न जिलों से आए लगभग 500 कैडेट्स, एनसीसी अधिकारी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं. दस दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में कैडेट्स को ड्रिल, हथियार संचालन, मैप रीडिंग जैसी बुनियादी सैन्य गतिविधियों के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी, सेल्फ डिफेंस और ट्रैफिक मैनेजमेंट जैसे आधुनिक विषयों की भी शिक्षा दी जा रही है. सभी कैडेट्स को ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा.शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के लिए एनसीसी अधिकारी कैप्टन राकेश पांडेय, सूबेदार मेजर एल. तिग्गा, सूबेदार रुपेश गुरुंग, सूबेदार सत्येंद्र सिंह, सूबेदार मदन सिंह मेहता, नायब सूबेदार राजकुमार सहित दर्जनों प्रशिक्षक और सिविल कर्मचारी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. यह संयुक्त वार्षिक शिविर आगामी 11 सितंबर तक चलेगा.